1-7

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः दिनांकः

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखनऊ

विषयः विष्णुलोक कालोनी कृष्णानगर कानपुर रोड लखनऊ स्थित रेड रोज पब्लिक सीनियर सेकेन्ट्री स्कूल भवन का निर्माण संबंधित नेशनल बिल्डंग कोड-2016 प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में रेड रोज पब्लिक सीनियर सेकेन्ट्री स्कूल, विष्णुलोक कालोनी कृष्णानगर कानपुर रोड लखनऊ के विद्यालय भवन का निरीक्षण इस कार्यालय के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता द्वारा किया गया, जिसमें पुरानी बिल्डिंग में जो आर0बी0 स्लैब से निर्मित है उसके कुछ भाग में स्लैब के सरिया में जंक लगा पाया गया, जिसकी जांच भिज्ञ एजेंसी/आईआई0टी0 से कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र सं0 3264/आर-4/18 दिनांक 08.08.2018 के द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था, किन्तु जांच आख्या अभी तक इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई हैं।

प्रबंधक रेड रोज पब्लिक सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल ने अपने पत्र सं0 RRPSS/2018-19/017 दिनांक 18.08.2018 के माध्यम से यह अनुरोध किया है कि विद्यालय परिसर के अन्य भाग में नये भवन का आर0सी0सी0 तकनीक से निर्माण कराया गया है। विद्यालय परिसर में नव निर्मित भवन का निरीक्षण सहायक अभियन्ता द्वारा किया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया आर0सी0सी0 भवन का निर्माण संतोषजनक पाया गया, जो कि सुरक्षित प्रतीत होता है।

आर0बी0 से निर्मित भवन की जांच आख्या जब तक भिज्ञ एजेंसी से जांच कराकर इस कार्यालय को प्राप्त नहीं करायी जाती हैं तब तक उक्त पुराने भवन का एन0बी0सी0 प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता है।

अतः विद्यालय प्रबंधन के अधिकृत वास्तुविद श्री अक्षत सक्सेना द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र एवं इस कार्यालय के सहायक अभियन्ता द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर इस शर्त के साथ एन0बी0सी0 प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है कि समय-समय पर भवन में रख-रखाव इत्यादि का कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाय इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में यदि कोई अतिरिकत निर्माण कराया जाता है तो उसका एन0बी0सी0 प्रमाण पत्र अलग से प्राप्त करना होगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
लखनऊ

पत्रांकः4540/R-4/18 दिनांकः01-11-18

1. प्रतिलिपि प्रबन्धक, रेड रोज पब्लिक सीनियर सेकेन्ट्री स्कूल, विष्णुलोक कालोनी कृष्णानगर कानपुर रोड लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता (पंचम) प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ को उनके द्वारा की गयी संस्तुति के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
लखनऊ

E:\2018-19\R. K. Pathak\N B.C\BSA.doc